कार्यालय जिलाधिकारी अम्बेडकरनगर

पत्रांक- 1304 ई-आफिस / JJM / 2026-27/ 184 दिनाँक-.17../03/2026

जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक की कार्यवृत्ति-

दिनाँक-07/03/2026को जिलाधिकारी महोदय के द्वारा मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला पंचायत राज अधिकारी के साथ जिला सभागार में जल जीवन मिशन के कार्योंकी समीक्षा बैठक की गयी। जिसमें अधिशाषी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) के साथ AE/JE,DPMU,TPIA व दोनों फर्म वेलस्पन/VTLके प्रो0 मैनेजर के साथ उनके अधिनस्थ ब्लाक हेड के द्वारा बैठक में प्रतिभाग किया गया।

समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों एवं VTL व वेलस्पन के प्रो0 मैनेजर को निम्न निर्देश दिये गये -

1. यह कि 269 पेयजल परियोजनाओं जिन पर शिरोपरी जलाशय का कार्य पूर्ण कर लिया गया है इसमें से 165 पेयजल परियोजना में Recharge Pit के जियो टैगिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा शेष 104 योजनाओं का Recharge Pit को एक सप्ताह में तैयार कर पोर्टल पर दोनों फर्म अपडेट करना सुनिश्चित करें।
2. यह कि दोनों फर्म प्रत्येक माह में कम से कम 50 शिरोपरी जलाशय के निर्माण कार्य को पूर्ण किया जाना तथा जिन योजनाओं पर शिरोपरी जलाशय के निर्माण का कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है उन योजनाओं में शिरोपरी जलाशय के निर्माण कार्य यथाशीघ्र प्रारम्भ करना सुनिश्चित करें।
3. यह कि जनपद में आवासित प्रत्येक परिवार को नल जल कनेक्शन दिया जाना सुनिश्चित किया जाए तथा ध्यान रहे कोई परिवार गृह संयोजन से वंचित न रहे।
4. यह कि दोनों फर्मो को निर्देशित किया गया कि सभी योजनाओं पर जितने श्रमिक लगे है उनको जियो टैग करते हुए अधिशाषी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) पत्रावली तैयार कर मुख्य विकास अधिकारी से सत्यापित कराना सुनिश्चित करें।
5. यह कि जिलाधिकारी महोदय द्वारा O&M की जिन 55 पेयजल योजना को Approved कर दिया गया है उन पेयजल परियोजनाओं पर कार्यरत पम्प आपरेटर का मासिक वेतन का भुगतान दोनों फर्म किया जाना सुनिश्चित करें तथा तत्पश्चात ही किसी अन्य पेयजल परियोजना को O&Mकी श्रेणी में लाए।
6. यह कि समीक्षा बैटक में पाया गया कि जनपद के 09 विकास खण्डो में ब्लाक कटेहरी एवं भीटी के पेयजल योजना से सम्बन्धित सभी कार्यो की प्रगति अन्य ब्लाक के सापेक्ष बहुत कम है। निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त दोनो ब्लाक के प्रोजेक्ट मैनेजर प्राथमिकता के आधार पर कार्य कराते हुए प्रगित लाना सुनिश्चित करें।
7. यह कि जनपद में सृजित सभी सरकारी भवन यथा आगनवाड़ी,स्कूल,पंचायत भवन व आरोग्य मंदिर पर गृह संयोजन का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण कर लिया जाए।
8. यह कि IGRS एवं JJM हेल्पलाइन नम्बर पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण सभी अधिकारीगण गुणवत्ता पूर्ण करें तथा दोनों फर्मों के प्रो0 मैनेजर एवं अधिशाषी अभियन्ता शिकायत के निस्तारण के सन्दर्भ में शिकायत कर्ता से भौतिक सत्यापन हेतु वार्ता करना भी सुनिश्चित करें।

उपरोक्त निर्देश के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

Digitally signed by ANUPAM SHUKLA
Date: 12-03-2026 19:00:58

(अनुपम शुक्ला)
जिलाधिकारी/अध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
अम्बेडकरनगर

प्रतिलिपि-निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. अधिशासी निदेशक महोदय राज्य पेय जल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ को सूचनार्थ।
2. मुख्य विकास अधिकारी अम्बेडकरनगर को सूचनार्थ।
3. डी0पी0आर0ओ0 अम्बेडकरनगर।
4. अधिशाषीअभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) अम्बेडकरनगर को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. दोनों फर्म वेलस्पन एवं VTL कम्पनी अम्बेडकरनगर को अनुपालनार्थ हेतु प्रेषित।

जिलाधिकारी/अध्यक्ष
जिलापेयजल एवं स्वच्छता मिशन
अम्बेडकरनगर

1-GV